काशी हिन्दू विश्वविद्यालय BANARAS HINDU UNIVERSITY

An Institution of National Importance **Established by The BANARAS HINDU UNIVERSITY ACT XVI of 1915**

Silver Reunion of MMS Batch 1990
12th September 2015 at FMS BHU

Media Coverage of the Event:

रविवासरीय

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

काशी विश्वनाथ मंदिर : सीसीटीवी से जांचेंगे घपला पेज 03 | कलबुर्गी की हत्या पर उबले सं

रविवार, 13 सितम्बर 2015, वाराणसी, पांच प्रदेश, 18 संस्करण, नगर www.livehindustan.com

नये दौर में खुद से ही है छात्रों की प्रतिस्पर्धा

पूर्व छात्र मिलन

वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता

नये दौर में छात्र-छात्राओं की प्रतिस्पर्द्धा अपने सहपाठी या दूसरे संस्थान में पढ़ने वालों से नहीं है। यह प्रतिस्पर्द्धा खुद के साथ है। जो विद्यार्थी खुद में लगातार बदलाव करता है, अपने क्षेत्र के माहौल को समझता है, उसे सफलता हासिल करने से कोई रोक नहीं सकता है।

बीएचयू के प्रबंध शास्त्र संकाय में शनिवार को 1990 के बैच के छात्रों ने सिल्वर जुबली री-यूनियन कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि बीएचयू के ये पूर्व छात्र विभिन्न कंपनियों में काम कर रहे हैं। हमारे बैच में काफी कम छात्र थे। अब प्रबंधन संस्थानों में छात्र संख्या कई गुना बढ़ गयी है। यही वजह है कि प्रतिस्पर्द्धा भी बढ़ गई है।

शुरुआत में कार्यवाहक संकाय प्रमुख प्रो. राजकुमार ने पूर्व छात्रों का स्वागत किया। प्रो. एसके सिंह, प्रो. दीपक बर्मन, प्रो. एसजी चौधरी, प्रो. एचपी माथुर ने वक्तव्यों में पूर्व छात्रों से अपील की गई कि वे संस्थान की बेहतरी के लिए हरसंभव मदद करें। इसके बाद प्रोफेसरों ने पूर्व छात्रों को शॉल, स्मृति चिह्न व उनके बैच के छात्रों के चित्र लगे फ्रेम देकर सम्मानित किया। संचालन श्रुति व एकता ने किया।

प्रबंधन में लड़कियों का रुझान बढ़ना अच्छा संकेत : आयोजन में पूर्व छात्रों ने अपनी भावनाएं खुल कर व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि यह देखकर काफी खुशी हो रही है कि प्रबंधन में लड़कियों का रुझान बढ़ा है। यह भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। इसके उलट हमारे बैच में कुल 17 विद्यार्थी थे। इनमें एक लड़की थी। इसके अलावा न सीनियर और न ही जूनियर बैच में कोई लड़की थी।

बीएचयू के प्रबंध शास्त्र संकाय में शनिवार को 1990 बैच के छात्रों का जमावड़ा हुआ। इन लोगों ने बीते दिनों को याद किया। संकाय की ओर से इन्हें सम्मानित किया गया।

इन पूर्व छात्रों ने की शिरकत

अमर लाहिरी (वाराणसी), डीलर आईओसी, अनिल कुमार (रांची) सीनियर मैनेजर सेंट्रल कोलफील्ड्स लि., संजय प्रसाद (झारखंड), जीएम रिलायंस इंडस्ट्रीज लि., मनोज पांडेय (ग्रेटर नोएडा) एसोसिएट प्रोफेसर बिमटेक, रोहित कुमार (मुंबई) वाइस प्रेसिडेंट पोलीकैब्स वायर प्रा.लि., नीरज नागपाल (मुंबई) बिजनेस हेड एमलुसिन पोलीमर्स, संदीप साहवान (दिल्ली) उद्यमी, हर्षित सिन्हा (चंडीगढ़) डिवीजनल मैनेजर एस्सार लि., विनीत मित्तल (दिल्ली) रूरल रिलायंस ब्रॉडकास्ट लि., संजीव शर्मा (चंडीगढ़) डाइरेक्टर इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड मैनेजमेंट साइंसेज।

View Pictures of [Silver Reunion of MMS Batch 1990]()

अमर उजाला
www.amarujala.com
वाराणसी | 13 सितंबर 2015

लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत जरूरी

बोले पुरातन छात्र

- बीएचयू के प्रबंध संकाय में रजत जयंती समारोह
- छात्र-छात्राओं से अपने अनुभवों को किया साझा

वाराणसी (ब्यूरो)। पूर्व विद्यार्थियों ने छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि लक्ष्य को पाने के लिए समर्पण और कड़ी मेहनत जरूरी है। संकुल समिति की ओर से शनिवार को बीएचयू के प्रबंध संकाय में रजत जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 1990 बैच के विद्यार्थियों ने छात्र-छात्राओं से अपने अनुभवों को साझा किया।

पुरातन छात्रों ने कहा कि जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। कठिन परिस्थिति का सामना साहस और धैर्य के साथ करना चाहिए। इस दौरान मनोज कुमार पांडेय ने छात्रों को स्मार्ट वर्क की महत्ता बताया। रोहित कुमार ने कहा कि मेहनत से पढ़ाई करें तो सफलता आपके कदम चूमेगी। जीवन में आगे बढ़ने के लिए सहयोग जरूरी है। समारोह की शुरुआत प्रबंध शास्त्र संकाय के डीन प्रो. राजकुमार ने की। संचालन श्रुति थपलियाल एवं एकता ने किया। इस दौरान अमर लाहिरी, अनिल कुमार, हर्षिता सिन्हा, संदीप साहनी, नीरज नागपाल, प्रो एचसी चौधरी, प्रो. दीपक बर्मन, प्रो. एसके सिंह मौजूद थे।

दैनिक जागरण वाराणसी, 13 सितंबर 2015

मनी सन् 90 सत्र की रजत जयंती

वाराणसी : बीएचयू के प्रबंध संकाय में शनिवार को 'सन 1990 के सत्र का रजत जयंती' सम्मान समारोह मनाया गया। इसका उदेश्य पूर्व छात्रों एवं सफल प्रबंधन द्वारा वर्तमान छात्रों का मार्गदर्शन करना है। पालीकैब वायर्स प्राइवेट लिमिटेड के हेड रोहित कुमार ने छात्रों को पाठ्यक्रम को निष्ठा से पढ़ने की सलाह दी। कहा कि आपसी सहयोग एवं सहभागिता से ही जीवन में सफलता मिलती है। 1990 के छात्रों ने अपने कापरेट जीवन के अनुभवों को शेयर किया। बीएमटेक के एसोसिएट प्रोफेसर मनोज कुमार ने छात्रों के जीवन में स्मार्ट वर्क की महत्ता पर प्रकाश डाला। अमर लाहिरी, अनिल कुमार, हर्षित सिन्हा, संदीप साहनी, नीरज नागपाल, विनीत मित्तल, संजीव प्रसाद, बीएचयू के प्रो. राज कुमार, प्रो. दीपक बर्मन, प्रो. एचसी चौधरी आदि रहे। संचालन थपलियाल व एकता ने किया।